Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- कोटा में झूठे प्रकरण में समझौता कराने की एवज में कांस्टेबल, कोटा शहर को 7,000/— रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

जयपुर, दिनांक 18 जून, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. इकाई कोटा द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी **हरिओम कांस्टेबल** को परिवादी से **7,000/— रुपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविंद गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. कोटा इकाई को एक शिकायत इस आशय की प्राप्त हुई कि परिवादी के पड़ोसियों द्वारा उसके पुत्र के विरुद्ध पुलिस थाना उद्योग नगर, कोटा में झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। उक्त प्रकरण की जांच के दौरान आरोपी हरिओम कांस्टेबल द्वारा परिवादी को उद्योग नगर थाने पर बुलाकर मामले को रफा—दफा करने की एवज में 15,000/— रुपये रिश्वत की मांग की गई।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि बातचीत के दौरान आरोपी हरिओम द्वारा परिवादी की जेब से जबरन 5,000/— रुपये निकाल लिये गये तथा शेष 10,000/— रुपये रिश्वत राशि प्राप्त करने के लिए परिवादी पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था।

जिस पर ए.सी.बी. कोटा रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री ओमप्रकाश मीणा** के सुपरवीजन में **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय स्वर्णकार** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन करवाया गया। दिनांक 15.06.2026 को मांग सत्यापन की कार्यवाही के दौरान आरोपी हरिओम द्वारा परिवादी से 8,000/— रुपये रिश्वत राशि लेने पर सहमति व्यक्त की गई, जिससे रिश्वत मांग की पुष्टि हुई।

जिस पर आज **पुलिस उप अधीक्षक श्री अनीस अहमद** के नेतृत्व में गठित ट्रैप दल द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी हरिओम कांस्टेबल को पुलिस थाना उद्योग नगर, कोटा शहर के बाहर परिवादी से 7,000/— रुपये रिश्वत राशि प्राप्त करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक श्रीमती एस. परिमला** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा अग्रिम कार्यवाही जारी है। ए.सी.बी. द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064** एवं **व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 9413502834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।